खबर संक्षेप

## प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में मना सड़क सुरक्षा सप्ताह

सतना।मनकहरी स्थित प्रिज़्म सीमेंट कारखाना,माइंस एवं कालोनी में सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17



जनवरी 2024 तक बड़े उत्साह एवं तन्मयता से मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुये एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 11 जनवरी को कारखाना स्थित मुख्य द्वार के सामने सड़क सुरक्षा के ऊपर गेट मीटिंग के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेन्ट एण्ड हेड टेक्निकल),दिनेश कुमार (सीनियर वाइसप्रेसीडेन्ट-प्रोसेस) प्रवीण श्रीवास्तव (सीनियर वाइसप्रेसीडेन्ट- मैकेनिकल) ओमप्रकाश वर्मा (वाइसप्रेसीडेन्ट-ई.एंडआई.),आर.एल. देशमुख (सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट-टी.ई.), गोपाल शर्मा (वाइस प्रेसीडेन्ट-पीएंडआईआर) की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सभी उपस्थित कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने के कारणों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। साथ ही साथ सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का आवश्यक रुप से पालन करें,ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके,अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें जिससे देश की अर्थव्यवस्था एवं समाजिक परिवेश को मजबूत रखने में देश की सहायता हो सके। सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम भी प्रिज़्म जार्नसन लिमिटेड में आयोजित किये गए,जिसके अन्तर्गत कम्पनी कर्मचारियों एवं ट्रक चालको और परिचालकों को रक्षात्मक ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कारखाना के अन्दर चलने वाले व बाहर से आने वाली गाड़ियों की जांच कारखाने के ट्राफिक टीम द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विपिन कुमार,एजीएम (सेफ्टी-इन्चार्ज) ने प्रिज़्म परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी,तथा सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनाने पर धन्यवाद दिया।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में फंसे श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

**कटनी।** महाराष्ट्र राज्य में कटनी जिले के मुश्किल परिस्थितियों में फंसे श्रमिकों की वापसी हो रही है। ये सभी श्रमिक बहोरीबंद क्षेत्र के है। कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से एक बार फिर बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम टिकरिया एवं कुम्हरवारा के करीब 23 श्रमिक वापस आ रहे हैं। श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि इन सभी श्रमिकों को गन्ना कटाई हेतु महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के अंतर्गत अक्कलकोट तालुका के घोणस गांव में किसी ठेकेदार द्वारा ले जाया गया था,उन सबकी सुरक्षित वापसी हो रही है। क्षेत्रीय विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय द्वारा श्रमिकों के महाराष्ट्र में फसे होने की जानकारी कलेक्टर को दी गई थीद्य कलेक्टर के संज्ञान में जानकारी आते ही जिला प्रशासन ने गंभीर प्रयास किया और सभी श्रमिकों को वापस बुलाने के प्रयास किये गये, और सम्बंधित जिला प्रशासन सोलापुर महाराष्ट्र से सीधे संपर्क कर सभी को वापस भेजनें का अनुरोध किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों से चर्चा अनुसार सभी श्रमिक महाराष्ट्र के सोलापुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए रविवार सुबह ट्रेन पकड़ चुके है। सभी श्रमिकों के सोमवार सुबह तक कटनी पहुंचने की सम्भावना हैद्य श्रम पदाधिकारी श्री मिश्रा, श्रमिकों के बराबर संपर्क में बने हुए हैं।



### 22 हजार दीपक से जगमग हुआ वेंकटेश लोक, देर रात तक हुई आतिशबाजी

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिले भर में मनाया गया जश्न

सतना। अयोध्या में प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिले भर में जश्न मनाया जा रहा है। इमारत में आकर्षण लाइट लगाई गई है और जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। उधर शाम के वक्त वेंकटेश लोक को 22 हजार दीपक जलाकर जगमग किया गया। जश्ने के बीच देर रात तक लोगों ने आतिशबाजी कर राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी मनाई। इसके पहले प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम एलईडी के जरिए वेंकटेश लोक परिसर में देखा गया और उसके बाद यहां मिठाई भी बांटी गई।

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सतना नगरनिगम के व्यंकटेश लोक के नवनिर्मित ओपेन ऑडीटोरियम में भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में देखा गया। कार्यक्रम में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, स्पीकर नगरनिगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आश तोष गुप्ता,सीईओ जिला पंचायत डॉ.परीक्षित झाड़े, आयुक्त नगरनिगम अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न संप्रदाय के प्रतिनिधि,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु आमजन उपस्थित थे। नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि आज का दिन सम्पूर्ण भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए शांति, समन्वय और राम राज्य का पैगाम है। देशवासियों का सदियों-सदियों से चली आ रही प्रतीक्षा रामलला के मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से पूरी हुई है। उन्होंने सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनायें देते हुए राम राज्य की स्थापना में अपना भरपूर योगदान की अपील की। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि देश के आराध्य,गौरव,संस्कृति और सनातन धर्म की प्राण-प्रतिष्ठा से करोड़ों-करोड़ देशवासियों की अभिलाषा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में रामलला का मंदिर अयोध्या में बनाने की पूर्ण हुई है। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का यह दिन आने वाले करोड़ों वर्ष तक याद किया जायेगा। पूरे शहर और देश में आज के दिन का उल्लास और आनंद शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इसके पूर्व राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित व्यंकटेश लोक के नव निर्मित ओपेन आडीटोरियम का शिलापट्टिका अनावरण कर लोकापर्ण किया। व्यंकटेश लोक में अपरान्ह सुन्दर काण्ड का सामूहिक भजन गायन एवं शाम को दीप मालिकाओं में दीप प्रज्जवलित करने का कार्य भी सम्पन्न हुआ।



### जगह-जगह भंडारा

भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जश्न मनाने का दौर लगातार जारी रहा जिले भर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया था जहां पर लोगों ने अलग-अलग प्रकार का प्रसाद लोगों को वितरित किया। बाजार क्षेत्र में भी एक दर्जन से ज्यादा जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया था।

### सजाए गए सभी मठ मंदिर

इस अवसर पर जिले भर में सभी छोटे और बड़े मंदिरों को सजाया गया था कई जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था मंदिरों में पूजा पाठ के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया था।









### पांच सौ वर्षों की तपस्या सफल हुईः प्रतिमा बागरी



**सतना।** मध्यप्रदेश शासन की नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य मंदिर 500 वर्षों की तपस्या सफल हुई है। राम मंदिर बनवाने में जिन लोगों ने आहूति दी,बलिदान दिया उनकी आत्मा को आज शांति भी मिली है।आज मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई है सभी लोगों ने इस अलौकिक दृश्य को देखा है साक्षी बने हैं उन्होंने कहा कि आज राम की ओर से यही संदेश देंगे की देश में रामराज की स्थापना हो। उन्होंने यह भी कहा कि सतना में स्थित सुविधा पहाड़ को भी विकसित किया जाएगा। आपको बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सतना के वेंकटेश मंदिर वेंकटेश लोक परिसर में एलईडी लगाई गई जिसमें अयोध्या में राम मंदिर में स्थापित राम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को सभी लोगों ने देखा। इस वेंकटेश लोक को आज यहां 2200 दीपों से जगमग भी किया जाएगा।

## श्रीराम वनवासी छात्रावास में सामूहिक सुंदरकांड

सतना। वनवासी विकास परिषद सतना द्वारा संचालित श्रीराम वनवासी छात्रावास में अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में रामलला विराजमान के पुण्य अवसर पर विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। सुबह हनुमान जी के समक्ष बच्चों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। सायंकाल भव्य श्रीराम आरती के साथ दीप प्रज्वलन एवं पटाखे फोड़कर दीवाली बनाई गई। इस अवसर पर सहमंत्री अरुण अग्रवाल द्वारा भोज की व्यवस्था की गई।अध्यक्ष घनश्याम सोनी,मंत्री सचिन चौधरी,कोषाध्यक्ष कमल जानवानी,व्यवस्थापक अशोक वसानी,वरिष्ठ सदस्य राजेश मेहता,अधीक्षक विदेह सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## डेल्हा में निकली गई शोभायात्रा

मैहर। देशभर में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर विभिन्न तरीके के काम किया जा रहे हैं जिसको लेकर मैहर के डेल्हा में भी सरपंच अभिषेक जायसवाल के नेतृत्व में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई और हनुमान मंदिर से होकर यह यात्रा समूचे गांव का भ्रामण किया और इसके साथ-साथ प्रभु श्री राम के जय जय के नारे भी लगाए गए युवाओं ने हाथ पर भगवा रंग का ध्वज का ध्वज लेकर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का स्वागत वंदन और अभिनंदन किया है। इस शोभा यात्रा में सरपंच अभिषेक जायसवाल,पूर्व सरपंच नकछेदी कुशवाहा,पूर्व सरपंच अयोध्या जायसवाल,जगदीश कुशवाहा,सुरेश साहू,अशोक रजक, ऋषि श्रीवास्तव,अमन श्रीवास्तव,वीरेंद्र साहू पुष्पराज कुशवाहा,फुलमेश रजक,बलीराम यादव,अमित जायसवाल,राज कुशवाहा,अभिषेक कुशवाहा आदि तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।





## राम के रंग में रंगी धर्मनगरी मैहर



### अग्रवाल समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा पर फूलों की बारिश

**मैहर।** श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के साथ ही रामभक्तों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोमवार को अग्रवाल समाज मैहर की ओर से धर्म नगरी मैहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अग्रवाल समाज के लिए यह दुगने हर्ष का विषय था क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही महाराजा अग्रसेन चौक का स्थापना दिवस भी था। महाराजा अग्रसेन चौक की भगवा थीम में भव्य सजावट की गई। सुबह से ही चौक में राम भजन तथा राम धुन जारी रही। श्रीराम दरबार की सजीव झांकी एवं पुष्पवर्षा के साथ माँ चण्डी देवी मंदिर से स्टेट बैंक चौराहा,कटरा बाजार,घंटाघर होती हुई शोभायात्रा महाराजा अग्रसेन चौक पहुँची। जहां प्रभु श्रीराम एवं महाराजा अग्रसेन की भव्य महाआरती की गई तथा राम स्तुति एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। शोभायात्रा से सैकड़ों रामभक्तों ने भाग लिया।जय श्रीराम के उदघोष और भजन-कीर्तन के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में अग्रवाल समाज समिति एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों सहित बच्चे युवा,नारीशक्ति और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सिद्धा पहाड़ का तीर्थ स्थलों की तरह होगा विकासः सांसद

**सतना।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने सिद्धा पहाड़ में भगवान श्रीराम की प्रतिमा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा सिद्धा धाम में दीप दान तथा पौध रोपण भी किया गया। इस मौके पर विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े,डीएफओ विपिन पटेल सहित जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

## कोरहा बाबा में 63 दिनों से चल रही रामधुन संकीर्तन का भण्डारे के साथ हुआ समापन

**पन्ना।** विरासन धर्म प्रेमी समाजसेवी राजू राजा ने ने नए साल में सिमरिया तहसील के विरासन ग्राम पंचायत में कुरहा



बब्बा लगातार 63 दिन से चल रही रामधुन की समाप्ति होगी राजू राजा ने बताया कि 25 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा होगी माननीय प्रधानमंत्री जी के अधिक प्रयासों से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी तर्ज पर हमारे ग्राम वासियों ने सभी लोगों ने 63 दिन की रामधन का आयोजन किया था जो 22 जनवरी को समाप्ति होगी आसपास के ग्रामवासियों ने भंडारा के साथ प्रसाद ग्रहण किया नए साल में बहुत लोग आए सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया और सभी क्षेत्र के लोग आनंदमई हैं।

## भगवान राम के स्वागत में शहर से लेकर गांव तक उत्सवी माहौल

**पन्ना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही जिले में शहर से लेकर गांव तक राम मय माहौल है। सलेहा नगर में सुबह से ही



रामनाम संकीर्तन पूरे नगर की गलियों में गूंजी और मंदिरों में पुजा अर्चना की गई साथ ही अयोध्या कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। ग्राम पटना तमोली में श्री राम सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की मनमोहक झांकी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें घर घर पूजा वंदन कर फूलमाला एवं आतिशबाजी कर अपनी खुशियों को व्यक्त किया गया। महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ में भी विशेष पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराया गया और 151 दीप जलाकर अपने आराध्य की आराधना की। ग्राम पथरहा के समीप निरंकार आश्रम में राम नाम संकीर्तन और आतिशबाजी के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम गंज के हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्राणप्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें देशी घी से निर्मित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार सलेहा क्षेत्र प्रत्येक गांव के देवस्थानों में पूजा वंदना कर श्री रामोत्सव मनाया।

## शिक्षा की अलख जगाने के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरु

**पन्ना।** लक्ष्य एक शैक्षिक जागरूकता मिशन के तहत स्वामी जी की शैक्षिक एवं सामाजिक प्रगति विचार धारा को नए साल 2024- में नई शुरुआत करते हुए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग क्लासेज की शुरुआत अजयगढ़ क्षेत्र के पंचमपुर में 22 जनवरी 2024 समय 12:30 बजे निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह किया गया है। लक्ष्य कोचिंग के मुख्य अतिथि के रूप में राज किशोर दादा बहरवारा एवं लक्ष्य टीम से राजेश सिंह राजपूत एवं राम सिंह की उपस्थिति में कोचिंग का शुभारंभ किया गया कोचिंग की शुरुआत श्री चंद्रपाल सिंह राजपूत के प्रयास से लक्ष्य कोचिंग संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था गांव में जो होनहार बच्चे होते है। उन्हें अगर सही समय पर मार्गदर्शन मिल जाये तो वह आगे चलकर अधिकारी -कर्मचारी बन जाते है। और वह अपने गांव समाज देश का नाम रोशन करते है। लक्ष्य द्वारा ग्रामों में जो शिक्षा का अभियान चलाया जा रहा है। उसकी बहुत आवश्यकता है उन्हें किस दिशा में जाना है। उसे रास्ते के बारे में बताया जाता है। वही लक्ष्य स्व्यं सेवक राजेश सिंह एवं राम सिंह ने छात्र-छात्राओं को नवोदय ज्ञानोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित तैयारी के गुण बताये। अंत में लक्ष्य के सदस्यों द्वारा पाठ सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर लक्ष्य के राजेश सिंह राजपूत सुरवंशी राम सिंह लोधी खोरा, राजकिशोर दादा श्रीपाल सिंह लोधी दिनेश सिंह राजपूत राजेंद्र सिंह लोधी लंबरदार कबीरपंथी श्रीपाल आदि उपस्थित रहे।

पन्ना राम जानकी मंदिर में सीधा प्रसारण देखा-सुना गया

# गांव-गांव : गली-गली हुई राममय



**पन्ना।** आज का दिन समूचे भारत देश के लिये गौरवशाली बन गया इतिहास के पन्नों में भगवान राम लला अयोध्या मंदिर में विराजमान हुये भगवान की प्राणप्रतिष्ठा के दिन समूचे देश में जहां धार्मिक आयोजन हुये गांव-गांव व गली-गली में भी राममय देखने को मिला। वहीं पन्ना नगर के प्रसिद्ध मंदिरों में भगवान जुगल किशोर मंदिर, बल्देव जी मंदिर तथा राम जानकी मंदिर में भी आयोजन देखते ही बनते थे इसके साथ-साथ रामजानकी मंदिर से सीधा लाइव प्रसारण अयोध्या मंदिर स्थल से यहां देखा जा रहा था।

अयोध्या नगरी के साथ समूचे देश में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां आज सभी मंदिरों में उत्साह के साथ तरह-तरह के आयोजन हुये रामनाम संकीर्तन भण्डारे आदि वहीं पन्ना के राम जानकी मंदिर, बल्देव जी मंदिर, भगवान जुगल किशोर मंदिर में भी धार्मिक आयोजन देखते ही बने वहीं रामजानकी मंदिर में सीधा प्रसारण अयोध्या से लाइव पन्ना विधायक व न.पा. अध्यक्ष के साथ श्रद्धालुओं ने बखूबी सुना।



पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व नपा अध्यक्ष मीना पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि विष्णू पाण्डेय की उपस्थिति के साथ-साथ श्रद्धालुगण भी जमा थे। पी.एम. मोदी ने जहां समूचे देश की जनता को अयोध्या से ही अपने अंदाज में बताया सदियों से जो इंतजार था प्रभु राम आ गये। बहुत-बहुत बधाई देश वासियों को इस धैर्य के लिये दिया जिसका इंतजार था वह आज पूरा हुआ। राम आ गये यह शब्द वास्तविकता में आज पूरे देश में राममय को लेकर साबित हुआ है। हिन्दू राष्ट्र की जो बात कहीं जा रही है वह आज सार्थक रूप में नजर आ रहा है जिस तरह से बाधेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जो पूर्व से ही हिन्दू राष्ट्र की बात कर रहे थे वह भगवामय वातावरण समूचे हिन्दुस्तान में रामलला के के विराजमान होने से जहां चारों तरफ धार्मिक आयोजनों की गूंज रामनाम संकीर्तन देखने को मिल रही थी आखिर हिन्दू राष्ट्र है यह आज की प्राण प्रतिष्ठा भगवान श्री राम का अयोध्या मंदिर में विराजमान होने से घर-घर दीप जले भगवामय नगर, कस्बा, गांव गलियां तक नजर आई यही तो हिन्दू राष्ट्र है हिन्दुओं की श्रद्धा अपार जो भगवान श्री राम मर्यादा पुरूषोत्तम के कर्म क्षेत्र को लेकर सत्य की जीत के लिये भगवान श्री राम ने गौ ब्राम्हण, कन्या की रक्षा को लेकर राक्षसों का संघार किया वहीं आज का दिन एक बार फिर त्रेता युग के इतिहास को जीवित कलयुग में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या मंदिर में होने से साबित हुई।



## भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा का साक्षी बनकर पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय

इतने इंतजार के बाद आज के दिन का इतिहास भगवान राम की प्राणप्रतिरूष्ठा अयोध्या मंदिर में होने से समूचे देश में राममय भगवा मय वातावरण बना हुआ है वहीं पी.एम. मोदी के इस कर्मक्षेत्र से जो आज सफलता के रूप में सामने आया है भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीएम मोदी को देवदूत के रूप में पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने बताया। पन्ना। जिले में समूचे मंदिरों व गांव-गांव में कहीं कीर्तन तो कहीं भण्डारा वहीं सड़कों में भगवामय रैली के रूप में युवाओं का उत्साह नजर आया, साथ ही जिले के



पवई विधानसभा अंतर्गत मां कंकाली के स्थान में कुंआताल में जहां लोगों की उमंग व उत्साह भगवामय तो दिख ही रही थी वहीं इस दौरान मीडिया से रू-ब-रू होते हुये पवई विधायक ने सवालों का जवाब देते हुये बताया कि आज का दिन इतिहास में साक्षी बन गया। राममय वातावरण समूचे देश में कायम हुआ साथ ही पी.एम. मोदी के कर्मक्षेत्र के रूप में आज भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या मंदिर में सम्पन्न हुई निश्चित ही यह सौभाग्य जो आज समूचे देश के सामने है वहीं उस समय जब राम राज्य था



निश्चित ही मंत्रीमण्डल भी रहा होगा। बात करें पी.एम. मोदी की तो भगवान श्री राम के कार्य में देवदूत के रूप में पी.एम. मोदी को भेजा होगा जिससे आज बड़े ही शौभाग्य के साथ रामलला मंदिर में विराजमान हुये जिसके उत्साह में समूचे देश में आज का वातावरण देखते ही बनता है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से जैसे त्रेता युग के बाद कलयुग में भी जो उल्लेख किया गया है कलयुग केवल राम नाम अधारा वह स्वयं सार्थक साबित हो रहा है। समूचे देश में जहां दीपावली की तरह उत्साह व प्रकाश चहुओर नजर आ रहा है।

## राम मय हुआ अमानगंजः अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में रामायण, रामधुन, भंडारे सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**अमानगंज।** सैकड़ो वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज दिनांक 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर अमानगंज में कहीं रामायण पाठ, तो कहीं सुंदर काण्ड पाठ और कहीं रामधुन के भंडारों का आयोजन किया गया। तो वही समूचे नगर अमानगंज में विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री राम के जयकारों से समूचे नगर अमानगंज दिन भर गूंजता रहा। इस मौके पर अमानगंज के आसमानी माता मंदिर में अखंड रामधुन और अगले दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तो वहीं मां ज्वाला देवी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को टेलीविजन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराया गया। इसी प्रकार झिरियन मोहल्ला वार्ड क्रमांक 5 हनुमान जी मंदिर में भी टेलीविजन के माध्यम से अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव दिखाया गया। इसी तरह श्री राघव जी मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ के बाद कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में भी रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण कराया गया। नगर अमानगंज के मुख्य गांधी चौराहा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। शाला मोहल्ला हरदौल मंदिर में भी भगवान श्री राम नाम संकीर्तन का



आयोजन किया गया। नगर अमानगंज के साथ-साथ विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पिपरिया खुर्द में रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ एवं राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। पांडव प्रयाग में भी राम नाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पगरा में भी अखंड रामायण पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पिपरवाह में भी राम संकीर्तन का आयोजन किया गया। ग्राम द्वारी में राम नाम संकीर्तन के बाद भव्य शोभायात्रा भी निकल गई। ग्राम घटारी में भी भगवान श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी तरह समस्त ग्रामीण अंचल में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए और नगर सहित समूचा क्षेत्र राममय दिखाई दिया।

## विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने श्रीहनुमानजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर आयोजित की



**पन्ना।** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजयगढ़ नंदपाल सिंह लोधी ग्राम कल्याणपुर मे मंदिर बनवाकर श्री हनुमान जी की प्रतिभा की प्राण प्रतिष्ठा कर अखंड रामायण पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन किया है इस संकीर्तन में लगातार रामधुन की गई जिससे क्षेत्र के ग्रामीण लगातार रामधुन में भाग लिया। नंदपाल सिंह लोधी द्वारा 22 जनवरी को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें हजारों लोगों ने प्रासाद ग्रहण किया। हनुमान जी के भक्त श्री सिंह ने बताया कि हनुमान जी की प्रेरणा और रामलला की कृपा से यह पुण्य काम करने की प्रकट हुई, उन्होंने राम भक्तों को भंडारे में आमंत्रित कर उन्हें प्रसाद ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा इस पुण्य अवसर में क्षेत्र में खुशहाली आएगी और सब लोगों पर प्रभु राम की कृपा होगी, ज्ञात होगी शासकीय सेवक होने के बाद नंदपाल सिंह ने जन सेवा के कार्यों में हमेशा लगे रहते हैं और जरूरतमंदों को मदद करते हैं।



## रामलला प्राण प्रतिष्ठा होने पर पवई में बजीं रामधुन







**पवई।** अयोध्या धाम श्री राम जन्मभूमि में भगवान रामलला बिराजमान प्राण प्रतिष्ठा होने पर शंकर जी मंदिर नन्ही पवई करही तिरहा से मेन रोड से सलेहा तिराहा माध्यमिक शाला होते हुए भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई पवई में सैकड़ो कारसेवकों ने रामधुन प्रभात फेरी एवं श्रीराम भव्य झांकियां तैयार करते हुए शोभायात्राएं निकाली गई खेरमाता देवी मंदिर वार्ड क्रमांक एक में अखंड रामधुन 21 जनवरी 2024 रविवार को वेद मन्त्रों और विधि विधान के साथ बैठकी करते हुए 24 घंटे की अखंड रामधुन की गई 22 जनवरी 2024 सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मां खेर माता मंदिर नन्ही पवई में दोपहर 2:00 बजे से हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, राम भक्तों ने भगवान राम सीता और हनुमान जी की सुंदर आकर्षक झांकी बनाकर चल जुलूस में गाजे बाजे के साथ रामधुन गाते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चौधरी महेंद्र कुमार पटेल, राजेंद्र कुमार पटेल (बबलू), चौधरी हरीशंकर पटेल, हरगोविंद पटैल (कुद्दू), अनिल पटैल शिक्षक, राम प्रकाश पटेल, डॉ विजय सिंह भदौरिया, विनय शंकर सिंह परिहार ,अजित कुमार जैन, सुदामा रजक, बृषभ पटेल, सुंदर लाल पटेल हिसाबी लाल रजक सहित सैकड़ों नव युवक बच्चे माताएं बहनें सामिल रहे। सायं छै बजे से पवई नगर के धार्मिक स्थल एवं मंदिरों में आकर्षक रंगोली बनाकर दीपक जलाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला विराजमान का धूमधाम के साथ स्वागत किया गया।

## राममय हुआ देवेंद्रनगर तथा गांव-गांव में गूंजा राम नाम

**अयोध्या की तर्ज पर लोगों ने अपने -अपने नगर व गांव गांव को सजाया**

देवेन्द्रनगर। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है, पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर में भी नगर सहित गांवों में भी उत्साह का माहौल देखा गया जहां लोगों ने पूरे शहर एवं गांव को भगवा रंग से रंग दिया गया है।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हुए अनेकों कार्यक्रम, लोगों ने मनाई खुशियां

लोगों ने कही राम लक्ष्मण सीता और हनुमान की झांकी निकाली तों कहीं बाइक रैली निकालकर तों कहीं नाचते गाते उत्साह मनाया, भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही मंदिरों में हनुमान चालीसा भजन कीर्तन अखंड रामधुन और पूजा अर्चना करते देखे गए। तों कहीं शिव पुराण राम कथा का भी आयोजन किया गया,अयोध्या में हुए रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव भी देखा गया जिसके लिए प्रत्येक मंदिरों में स्क्रीन पर्दा लगाया गया था जहां से सीधे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखा गया और अपने अपने स्थानों से भगवान राम जी की आरती की गई, और महा प्रसादी वितरण किया गया साथ ही आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। वही देवेंद्र नगर हनुमान मंदिर, विद्युत ऑफिस मंदिर व खेर माई मंदिर इत्यादि जगहों पर बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन और भंडारे भी किए गए वहीं श्री राम मंदिर पर भी राम उत्सव कार्यक्रम हुआ और श्री राम मंदिर पर कई दिनों से शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा था जिसका आज भंडारा भी हो रहा है और भारी संख्या में श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं वही संध्या होते ही लोगों ने दीपावली उत्सव की तरह मनाया घर में दीप जलाकर वही नगर के प्रतिष्ठित श्री राम मंदिर पर भी महा आरती का आयोजन हुआ वही शाम होते ही रोशनी से जगमगा घर-घर व गांव-गांव से लेकर शहर तक।

# मुग्ध हो देखा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

## छतरपुर जिले में जगह-जगह देखा गया

### खबर संक्षेप



### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बगराजन बस्ती में हुआ लाईव प्रसारण

**छतरपुर।** आज अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बगराजन बस्ती के अखाड़े के बब्बा जू मंदिर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बस्ती के हिन्दू समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सन् 1992 में छतरपुर से कारसेवा करने गये कारसेवक मुन्ना रैकवार, अच्छू मोदी, राजेन्द्र सेन, आनंद शर्मा, छन्नू नामदेव,भवानी प्रसाद त्रिपाठी, ननंद किशोर व्यास एवं वरिष्ठ कवि अभिराम पाठक का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के जिला महामंत्री ब्रजेश राय ने किया।

### ऐसे माता-पिता धन्य हैं जिन्होंने कर्मठ और होनहार बेटों को जन्म दिया : डॉ राकेश मिश्र



**खजुराहो।** होम्योपैथी चिकित्सक रहे स्व. कंछेदी लाल पाठक जो कि डॉ. पाठक हॉलिस्टिक क्योर के संस्थापक हैं, के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "विरासत एक पिता की" खजुराहो के एनवीआर सिनेमा में रविवार को रिलीज हुई। आज वह भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके जीवन और संकल्प को उनके पुत्र डॉ. राघव पाठक निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं और इसी संघर्ष और उद्देश्यों को लेकर यह फिल्म बनाई गई है। फिल्म रिलीज के मौके पर एनवीआर सिनेमा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्व. कंछेदी लाल पाठक बेहतर समाजसेवी रहे हैं और खजुराहो चिकित्सा जगत में उनका सम्मानित स्थान रहा है। उनके बेटे राघव पाठक इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और चिकित्सा जगत में बेहतरीन मुकाम हासिल कर अपने स्व. पिता के सपने को पूरा कर रहे हैं और मां का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे माता-पिता धन्य हैं जिन्होंने ऐसे कर्मठ और होनहार बेटों को जन्म दिया है। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि बुंदेलखंड में होनहार कलाकारों की कोई कमी नहीं है। यदि मौका मिले तो वह बेहतरीन कार्य कर सकते हैं, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता में शैलेंद्र बरुआ (अध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम ) ने कहा कि राघव पाठक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने पिता के सपने को पूरा कर रहे हैं। चिकित्सा जगत में सेवाएं देकर वह समाज को तो आरोग्य प्रदान कर ही रहे हैं साथ ही परिवार का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

**पिता की मौजूदगी का एहसास आज भी पल प्रतिपल होता है : डॉक्टर राघव पाठक –**

फिल्म निर्माता डॉ. राघव पाठक ने इस मौके पर कहा कि उनके पिता के सपने को वह यूं ही पूरे पूरा करने का भरसक प्रयास करते रहेंगे क्योंकि उनकी मौजूदगी का एहसास उन्हें पल प्रतिपल होता रहता है। फिल्म के डायरेक्टर विराज तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड में बहुत प्रतिभाएं छुपी हैं और अगर उन्हें आगे लाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अगर उन्हें सभी का सहयोग मिलता रहा तो बुंदेलखंड को भी फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक बेहतरीन मुकाम हासिल करने के लिए वह निरंतर प्रयास करते रहेंगे। भारतीय प्रभावी चिकित्सा पद्धति को आयाम देती इस डॉक्युमेंटरी फिल्म की सभी दर्शकों और अतिथियों ने तारीफ की और कहा खजुराहो क्षेत्र की कलाकारों की यह उपलब्धि तारीफ के काबिल है। डॉक्यूमेंट्री फिल्म के मुख्य पात्र रामानंद गंगेले, अभि तिवारी, अनय मिश्रा हैं। फिल्म की कहानी जयराम चतुर्वेदी ने लिखी है जिसे अपनी खूबसूरत आवाज रेडियो एनाउंसर राकेश खरे ने दी है।

## जिले भर में जगह-जगह हुए भंडारे के साथ राम भक्तों ने नाच-गाकर बांटी खुशियां

छतरपुर।



अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के आगमन का इंतजार खत्म हो चुका है। 84 सेकेंड के शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अभीजीत मुहूर्त में मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम के बाल स्वरूप की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई, प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद पहली आरती भी संपन्न हुई। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे भारत की तरह छतरपुर जिले में भी उत्साह देखने को मिला। संपूर्ण जिले में जगह-जगह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। वहीं रामभक्तों ने तरह-तरह के आयोजन किए और नाच-गाकर खुशियां बांटी।

### मोटे के महावीर मंदिर पहुंचे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों



मोटे के माहवीर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समरोह का लाइव प्रसारण किया गया। यहां विधायक ललिता यादव, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, नपाध्यक्ष ज्योति-सुरेन्द्र चौरसिया सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मंदिर में पसिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व रामभक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल रहे, जिन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत एक-दूसरे को बधाई-शुभकामनाएं दीं। वहीं दूसरी ओर शहर के ग्वाल मंगरा तालाब के तट पर स्थानीय रहवासियों द्वारा लाइव प्रसारण देखा गया। जैसे ही रामलला के बाल विग्रह की स्थापना हुई वैसे ही उपस्थित जनसमूह झूम उठा। ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों ने भगवान राम की आरती भी उतारी। इसी तरह बजरिया के हनुमान मंदिर में रामभक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। यहां भी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया, स्थानीय लोगों ने हाथ जोड़कर पूरे समारोह को देखा और इसके बाद जयश्रीराम का उद्घोष किया। समारोह के उपरांत सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर विद्यार्थियों ने बनाई राम नाम की मानव श्रंखला





**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन दिवस पर आयोजित भक्तिमय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की संरक्षिका कुंती देवी, गुरू प्रसाद अवस्थी, सहविभाग संघचालक, छतरपुर, कुलाधिपति, डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, कुलसचिव विजय सिंह, उपकुलसचिव डॉ. मेघना मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एस. राजपूत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एल.पी. सिंह ने भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यापर्ण किया एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। तत्पश्चात संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित करके दीपोत्सव मनाया। भक्तिमय संगीत के गायन एवं भजन के साथ-साथ तोरण और ध्वज लगाकर उत्सव मनाया गया और विद्यार्थियों ने राम नाम की मानव श्रंखला बनाई जो आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान चालीस का पाठ विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से करते हुये प्रभु से सबके लिए सदबुद्धि, सबके उज्ज्वल भविष्य एवं रामराज की पुनस्थापना के लिए प्रार्थना की तथा अयोध्या से श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने देखा। संगीत विभाग के सह प्राध्यापक परशुराम अवस्थी ने भक्तिमय भजन, गीत की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।

## बिजावर के श्रीराम-जानकी निवास में मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम

जिले के बिजावर के श्रीराम-जानकी निवास मंदिर प्रांगण में विधायक राजेश शुक्ला बबलू द्वारा विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। विधायक राजेश शुक्ला अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी शुक्ला, पुत्र धनंजय शुक्ला सहित अपने परिजनों, नगरवासियों और विधानसभावासियों के साथ ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने। इस अवसर पर मंदिर में की गई महाआरती में विधायक श्री शुक्ला ने सपत्नीक आरती की। तदुपरांत मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बिजावर एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।



## श्रीरामराजा सरकार मंदिर व सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम



**ईशानगर।** उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सोमवार को शुभ मूहुर्त में संपन्न हुआ। ईशानगर के श्रीरामराजा सरकार मंदिर प्रांगण में रामभक्तों द्वारा विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुन्दरपाठ का आयोजन के बाद आयोध्या जी के कार्यसेवकों में पंडित रामकुमार चौबे,रामपाल सिंह बुंदेला,दशरथ सेन,देवी सिंह का पुष्पमाला,भगवा शॉल, श्रीरामराजा परिवार की फोटो से सम्मानित किया गया है। तत्पश्चात भजन संध्या व विशाल भन्डारे का आयोजन किया गया। भुवन विक्रम सिंह ने कहा कि आज 22 जनवरी के दिन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न की गई है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कुलपति एवं यूनिवर्सिटी परिवार ने लिया आनंद



**छतरपुर।** महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के सरस्वती कक्ष में सोमवार 22 जनवरी 24 को अयोध्या जी में श्री राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं अभिषेक के अनूठे और ऐतिहासिक कार्यक्रम के सीधे मनोज्ञ प्रसारण का कुलपति प्रो शुभा तिवारी, रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल, डीसीडीसी डॉ ओपी अरजरिया,प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ अशोक निगम, मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन सहित सभी प्राध्यापकों एवं विश्वविद्यालय परिवार ने आध्यात्मिक लाभ लिया। आज के इस भव्य समारोह से पूरे देश में धार्मिक प्रभावना का वातावरण निर्मित हुआ है।

## छतरपुर में स्थापित हुई भारत की सबसे बड़ी लड्डू गोपाल की मूर्ति



**छतरपुर।** शहर की पुलिस लाइन के समीप नवनिर्मित लड्डू गोपाल मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को ठीक उसी मुहूर्त में भगवान लड्डू गोपाल की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, जिस मुहूर्त में अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर में प्रभु श्री राम के बाल विग्रह की स्थापना हो रही थी। लड्डू गोपाल के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में विधायक ललिता यादव, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि आज पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत-2080 दिन सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभ दिवस पर भारत के सबसे बड़े बाल गोपाल लड्डू गोपाल भगवान के श्री विग्रह एवं युगल सरकार श्रीराधा-कृष्ण भगवान के नूतन विग्रह को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में विद्वान आचार्यों द्वारा स्थापित कराया गया। इस दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण था तथा शंख ध्वनि, घंटानाद, आरती आदि से गुंजायमान हो रहा था। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। श्री तिवारी ने बताया कि वर्ष 2012 में हमने मंदिर निर्माण और लड्डू गोपाल जी की प्राण-प्रतिष्ठा का संकल्प लिया था जो आज पूरा हो गया है।



**जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों को दी बधाई**

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक ललिता यादव ने कहा कि आज अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है और छतरपुरवासियों के लिए आज दोहरी खुशी का दिन है क्योंकि आज ही के दिन छतरपुर के नवनिर्मित लड्डू गोपाल मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह भी संपन्न हुआ है। उन्होंने उपस्थित लोगों को राममंदिर और लड्डू गोपाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर संदीप जी आर ने भी सभी को अयोध्या और छतरपुर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के सफल संपन्न होने के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन ने कहा कि आज संपूर्ण भारत सहित हमारे शहर के लिए बहुत ही सुखद अवसर है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की स्थापना से जिस तरह समूचा देश राममय हो गया है, उसी तरह से हमारे शहर में लड्डू गोपाल की प्राण-प्रतिष्ठा से हमारा शहर राममय होने के साथ-साथ श्याममय हो भी हो गया है। उन्होंने आयोजन समिति सहित सभी भक्तगणों को शुभकामनाएं दीं।

## खजुराहो मतंगेश्वर मंदिर में स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री हुए कार्यक्रम में शामिल



**खजुराहो।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य दिव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के चंदेलकालीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर तथा पश्चिमी मंदिर समूह परिसर के सामने सोमवार को प्रमुख धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर के गर्भगृह में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया द्वारा की गई। समारोह में लाइव प्रसारण के दौरान जैसे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तो आसमान पर आतिशबाजी होने लगी और पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में भगवान राम की पूजा-अर्चना करते हुए आरती की गई साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने मंच पर जय श्री राम का उद्घोष करते हुए माइक से संगीतमय रामभजन भी गाया। समारोह में भजन गायक खनिजदेव सिंह और साथियों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, नपाध्यक्ष अरुण अवस्थी, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, तहसीलदार जन्मेजय मिश्रा, पार्षद गौरव सिंह बघेल, एड.वीरेन्द्र तिवारी, गौरव अग्रवाल, कपिल सोनी, राजीव वाजपेई, रामअवतार चौबे, आशाराम पाल, दुर्गा पटेल, अस्सु पटेल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त तथा स्थानीय नगरवासी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### हुजूर तहसील में लगाए जा रहे राजस्व शिविर

**रीवा।** राजस्व महाअभियान में हुजूर तहसील में लगातार राजस्व शिविरों का ग्रामवार आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने बताया कि आज 23 जनवरी को बाबूपुर, दुबहाई, कपुरी, दोही, चोरहटी, खुटेही 135 तथा 24 जनवरी को रतहरी, गड़रिया, लक्ष्मणपुर, कोठी, खौर एवं भटलो में शिविर लगाए जाएंगे। हुजूर तहसील में ही 25 जनवरी को सिलपरा, रौसर, मगुरिहाई, रमकुई, बरा तथा महाजन टोला में शिविर लगेंगे। इन सभी शिविरों के लिए पटवारी एवं नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। शिविर में पटवारियों द्वारा बी-1 का वाचन किया जाएगा। शिविर में अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम, खसरे में सुधार तथा किसान सम्मान निधि के प्रकरण दर्ज कर निराकरण किया जाएगा।

### जागरूकता शिविर आज

**रीवा!** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला व्यापार और उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में बैंको के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम संचालित है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने बताया कि शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय रीवा में 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस शिविर में अधिक से अधिक बेरोजगार युवक एवं युवतियों से शामिल होने की अपील की है।

### हाई स्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाई स्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं 5 फरवरी 2024 से आरंभ हो रही हैं। हाई स्कूल की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र शुरू होने से 10 मिनट पहले तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र सोमवार 5 फरवरी को हिंदी का होगा। बुधवार 7 फरवरी को उर्दू तथा शुक्रवार 9 फरवरी को संस्कृत तथा मंगलवार 13 फरवरी को गणित के प्रश्नपत्र होंगे। गुरूवार 15 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्नपत्र तथा केवल मूकबधिर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग एवं केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए संगीत की परीक्षा होगी।





## प्रभु श्रीराम के आगमन पर दीप से जगमगा गया शहर आतिशबाजी कर मनाई खुशियां

# वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो गया

अयोध्या नगरी में आज प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से देश ही नहीं विदेशों में खुशियां देखने को मिली। रीवा, मऊगंज जिला तो दीपकों की रोशनी से जगमगा गया। हर घर में लोग दीप जला कर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया। इस पावन पर्व पर घर-घर दीप तो जलाये ही साथ प्रभु भक्तों ने आतिशबाजी कर खुशियों को इजहार किया।

रीवा !



हिंदू ही नहीं सर्व समाज के लोग भी इस पावन बेला पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर अपनी-अपनी खुशियों का इजहार किया। मुस्लिम समाज ने भी इस पावन बेला पर बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। सुबह से ही दरगाह के आसपास दुकानें बंद रही। ऐसा कोई धर्म समाज नहीं था जो प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर अपनी सहभागिता न निभाई हो। इस पावन पर्व पर जगह-जगह मंदिरों में राम भक्तों ने सुंदरकांड का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किये। कई ऐसे भी लोग थे जो आज के दिन को शुभ मानते हुए अपने नये घरों में अखंड मानस का पाठ करवाते हुए गृह प्रवेश किये।

### किला परिसर से निकली राम दरबार की शोभा यात्रा

सोमवार की सुबह से किला परिसर में चहल-कदमी बनी रही। किला के पुराहित द्वारा गद्दी का विधि विधान पूजा कर राम दरबार की शोभा यात्रा निकाली। एक रथ पर प्रभु श्रीराम की गद्दी विराजमान थी तो दूसरे रथ पर प्रभु श्रीराम की झांकी सवार रही। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस किला पहुंची। इस दौरान लोगो ने डीजे से निकलने वाली प्रभु श्रीराम की धुन पर जमकर डांस किये।

### खाकी भी हो गई भगवामय

शासकीय कार्यालयों के साथ ही जिले के थानों को सजाया गया। गोविंदगढ़ थाना की सजावट तो देखने काबिल रही। मजे की बात तो यह रही इस पावन पर्व पर खाकी भी भगवामय दिखा। बदन पर खाकी सिर पर भगवा पगड़ी धारण किये पुलिसकर्मी नजर आये। जिले के निरीक्षक हितेंद्रनाथ शर्मा और विद्यावरिद तिवारी तो सनातनी परिधान में पचमठा मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के थाना परिसरों में बने मंदिरों पर पुलिस कर्मियों सुंदरकांड का पाठ किया और प्रसाद वितरण कर खुशियां मनाई।

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

वैसे तो रीवा, मऊगंज जिला ही नही अपितु विंध्य ही शांति का टापू माना जाता है। फिर भी एहतियात के तौर पर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस कमर कसे हुए थी। एसपी विवेक सिंह तीन दिन पहले से ही शहर ही नहीं समूचे जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एएसपी, शहर एसपी एवं सभी अनुविभाग के एसडीओपी से मिल रणनीति बनाते रहे। 22 जनवरी सोमवार की सुबह से ही पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर लग गई। शहर एसपी शिवाली चतुर्वेदी और ग्रामीण अंचल के एसडीओपी अपने-अपने क्षेत्र को भ्रमण करते रहे और सभी प्वाइंट की पल-पल की जानकारी लेते रहे। शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल में ऐसी कोई भी घटना नहीं घटी जो राम राज्य में काले टीके के नाम से जाना जाये।



### जिले भर में अयोध्या उत्सव की रही खुशी, कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**रीवा।** अयोध्या में श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण जिले में खुशी का माहौल रहा। अयोध्या उत्सव को लेकर जिले भर में सुबह से ही उत्साह का वातावरण रहा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने पचमठा मंदिर परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिसर में स्थित विभिन्न देव प्रतिमाओं के दर्शन किये। श्री शुक्ल ने पचमठा मंदिर परिसर में नवनिर्मित वीर शिरोमणि रूपनबारी मंदिर का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री शहर के रानीगंज में न्यू डायमंड क्लब द्वारा आयोजित पूजा अर्चन कार्यक्रम एवं भण्डारे के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सिद्ध चिरहुलानाथ मंदिर में दर्शन कर मंदिर परिसर में 21 हजार दीपों को प्रज्जवलित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री जी को अयोध्या मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। श्री शुक्ल ने इको पार्क स्थित प्राचीन कुंडलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## जिले भर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ सजीव प्रसारण




रीवा !

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम के स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी वह क्षण आज आ गया है। अनगिनत लोगों के संघर्ष और बलिदान के बाद आज भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है और इसमें भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। भगवान राम चेतना, ऊर्जा और भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। भगवान राम सदियों से हमारे मन में बसे हुए हैं। आज का दिन दिव्य, भव्य और विकसित भारत बनाने की नीव रखे जाने का दिन है। इस पावन अवसर पर आज हर भारतवासी राम सेवा से राष्ट्र सेवा का संकल्प ले। सबके सहयोग से यह देश निश्चय ही विश्वगुरू बनकर विश्व में स्थापित होगा। मंदिर निर्माण के लिए न्यायपालिका ने निर्णय देकर मार्ग प्रशस्त किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम किसी धर्म विशेष के नहीं हैं। भगवान राम सबके हैं। उनका चरित्र सर्वश्रेष्ठ है। भगवान राम की कथा हमारे आध्यात्मिक चिंतन और सामाजिक जीवन का आधार है। भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम हैं। भगवान राम आग नहीं ऊर्जा का स्रोत हैं। भगवान राम समस्या नहीं समाधान हैं। हम सब मिलकर भगवान राम के आदर्शों के अनुसार देश का निर्माण करेंगे। भगवान राम ने शबरी के बेर खाए और निशादराज को अपना मित्र बनाया। भगवान राम की चेतना और अलौकिक दृष्टि का प्रभाव सब पर है।

रीवा में पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पूर्व महापौर श्री शिवेन्द्र सिंह, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण में शामिल हुए।

# वर्षों की तपस्या के बाद श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ अवसर आया है : उप मुख्यमंत्री

### भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, अब भव्य भारत का निर्माण होगा - राजेंद्र शुक्ल

रीवा !



अयोध्या में भगवान श्रीराम के स्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई। इस समारोह का जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर सजीव प्रसारण दिखाया गया। जगह-जगह भजन कीर्तन, भण्डारे का आयोजन करके लोगों ने इस समारोह में अपनी सहभागिता निभाई। पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक समारोह में हजारों लोगों ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। रामधुन और जय श्रीराम के नारों की गूंज रही। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सदियों के संघर्ष और अनगिनत लोगों के बलिदान के बाद आज का शुभ दिन आया है। यह दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। आज करोड़ों लोगों की भावनाओं, शुभकामनाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक भगवान राम के स्वरूप की अयोध्या के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। वर्षों की तपस्या के बाद श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया है। मंदिर निर्माण के लिए न जाने कितने लोगों ने बलिदान दिया। आज कोठारी बंधुओं की सबको याद आ रही है जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी। आज से भव्य भारत के निर्माण की शुरूआत हो रही है। भव्य राम मंदिर के निर्माण के बिना भव्य भारत का निर्माण संभव नहीं था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा जिला ही नहीं पूरा प्रदेश और देश राममय है। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भजन, सुंदरकांड और श्रीरामचरित मानस के पाठ, कलश यात्रा और भण्डारे के आयोजन के साथ आमजनता श्रीराम के प्रति अपनी आस्था और भक्ति को प्रकट कर रही है। पचमठा वह पावन भूमि है जहाँ जगतगुरू शंकराचार्य ने सनातन धर्म के पुनर्जागरण का संदेश दिया था। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण और भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा करके प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सनातन धर्म को नई ऊंचाई देने और देश को नई ऊर्जा देने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने भारत को विश्वगुरू बनाने के बहुत समीप पहुंचा दिया है। भारत को विश्वगुरू बनाने और विकसित बनाने में जो बाधाएं होंगी उसे भगवान राम दूर करेंगे। इस अवसर पर सभी को कोटि-कोटि बधाईयाँ देता हूं। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पूर्व महापौर शिवेन्द्र सिंह, राजेश पाण्डेय, रामराज पटेल, रोहिणी प्रसाद तिवारी, बैजनाथ सिंह, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण में शामिल हुए। जिले में श्री चिरहुलानाथ हनुमान जी मंदिर, रानी तालाब मंदिर, देवतालाब के शिवमंदिर, गुढ़ के कष्टहरनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।



## शिव नगरी देवतालाब से हाटेश्वर नाथ तक मंगलाचार से गुंजायमान हुआ मऊगंज

**मऊगंज।** जिले भर मे श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश की तरह मऊगंज जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र का पूरा अंचल भक्ति रस में डूबा रहा। जिले के पश्चिमी छोर स्थित प्रसिद्ध शिव धाम देवतालाब से लेकर पूर्वी छोर पर विराजे हाटेश्वर धाम हाटा तथा उत्तरी सीमा पर जगत जननी माता अष्टभुजा की नगरी नईगढ़ी से लेकर जिले के हृदय स्थली मऊ बगदरा राम जानकी मंदिर सहित प्रदेश के एकमात्र चतुर्भुज भगवान मंदिर दुबिया गणेश मंदिर बरांव के साथ जिले भर के सभी मंदिरों से लेकर घर-घर श्री राम के जयकारों की गूज पूरे क्षेत्र में प्रतिध्वनि हो गई। प्राण प्रतिष्ठा की अलौकिक घड़ी को अद्भुत व अनुपम तरीके से अपने-अपने जीवन में जज करने के लिए राम भक्तों में काफी उत्साह भरा वातावरण देखा गया। सिर्फ सनातनी ही नहीं बल्कि दूसरे धर्म के भी लोग आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते देखे गए। वहीं श्री राम के लोक मंगल संदेश से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हुए मोह माया से विरक्त होकर भक्ति रस में डूबे रहे। जिले भर के श्रीराम भक्त विभिन्न माध्यमों से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। वही वही सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में भक्ति की भीड़ लगी रही बच्चे बूढ़े जवान सभी भक्ति रस में डूबे रहे। वही शाम ढलते ही दीपावली जैसा उत्सव भरा माहौल देखा गया लोगों ने देवालयों नदियों में जहां दीपदान किए वही घर-घर दीप जलाकर उत्सव बनाया।*जिले भर में हुए विशेष धार्मिक आयोजन* अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मौके पर मऊगंज जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर देवतालाव में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक भगवान भोलेनाथ के1 मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्री रामचरितमानस तथा विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस शुभ घड़ी के अवसर पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव एवं जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ राम भक्तों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट प्रसारण देखा गया। वहीं मांगलिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां जिले के मुखिया के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों तथा राम भक्तों ने एक साथ भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। भगवान भोलेनाथ की नगरी देवतालाब में कौशल्या नंदन श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे दौरान मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एडिशनल एसपी एम एल चौरसिया एसडीएम बीके पांडेय प्रभारी तहसीलदार मानसिंह आर्मो तहसीलदार दीपक तिवारी सुरेंद्र सिंह चंदेल अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री नसीम खान केके मिश्रा अखिलेश सिंह मऊगंज जनपद सीईओ विनोद तिवारी सरपंच देवतालाब सरिता आनंद सिंह वीर बहादुर सिंह अंकुर महेंद्र सिंह अतरैला रामदयाल शर्मा संजय सोनी सहित हजारों की संख्या में भगवान श्री राम भक्त मौजूद रहे। *पंच मंदिर किला नईगढ़ी में हुए धार्मिक आयोजन*मऊगंज जिले के ऐतिहासिक जगत जननी माता अष्टभुजा की नगरी नईगढ़ी किला परिसर स्थित पंच मंदिर में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के अगुवाई में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राम भक्तों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ उपरांत महा आरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे राष्ट्र की तरह मऊगंज जिले के नईगढी स्थित किला परिसर सहित पूरे क्षेत्र में राम भक्त भक्ति रस में डूबे रहे। इसी तरह नईगढ़ी क्षेत्र के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर महावीर पुर ऐतिहासिक फुलवारी मंदिर नईगढ़ी हनुमान मंदिर थाना परिसर प्रसिद्ध मंदिर देवगना के साथ-साथ क्षेत्र में जगह-जगह मानस भजन कीर्तन के बाद विशेष भंडारे का आयोजन किया गया जहां लोगों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।